Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide drinking water in the entire Dausa District, Rajsthan.

श्रीमती जसकौर मीना (**दौसा**): सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र का सम्पूर्ण भाग डार्क जोन में आता है । यहां पेय जल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो चुकी है और आने वाले गर्मी के सीजन में राजस्थान में जिस तरह से राजस्थान सरकार पेय जल और जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरा करने में शिथिलता बरत रही है, उसकी तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहती हूं । आज मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला मुख्यालय पर भी दस दिन में एक बार पानी आता है और वह भी आधे घंटे के लिए आता है । मैं आपके माध्यम से आने वाले संकट को ध्यान में रखते हुए कहना चाहूंगी कि राज्य सरकार को पाबंद किया जाए कि पेय जल की सम्पूर्ण व्यवस्था पूरे दौसा संसदीय क्षेत्र में की जाए ।